झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

चाय बगान, कालीनगर, नामकोम, राँची–834010.

सूचना

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा राज्य के अधीन विभिन्न स्तर के पदों पर भर्ती हेतु प्रतियोगिता परीक्षाऐं आयोजित की जा रही है। कतिपय असामाजिक तत्व एवं समूहों द्वारा परीक्षा प्रक्रिया को बाधित करने/ आयोग की प्रतिष्ठा धूमिल करने हेतु परीक्षा की अवधि के बीच ही फर्जी प्रश्न पत्र, फर्जी परीक्षाफल एवं फर्जी विडियो सोशल मिडिया पर वायरल किया जा रहा है जिसके कारण अभ्यर्थियों के बीच भी संशय उत्पन्न होता है। कभी कभी यह भी सूचना प्राप्त होती है कि ऐसे तत्व कई बार अभ्यर्थियों से सम्पर्क कर उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण कराने का दावा करते हुए उनसे बड़ी राशि ऐंठ लेते हैं।

अतः अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि आयोग द्वारा संचालित किसी परीक्षा के सन्दर्भ में सूचना के लिए आयोग के अधिकृत वेब साईट को देखें। सोशल मिडिया पर भ्रमित करने वाली किसी सूचना पर ध्यान नहीं दें तथा ऐसे किसी व्यक्ति को आप जानते हैं तो उनसे स्थानीय पुलिस को अवगत करावें अथवा आयोग को साक्ष्य के साथ सूचित करें।

आयोग की परीक्षाऐं की पूर्णतः स्वच्छ एवं परदर्शी हैं। अतः कोई भी व्यक्ति यदि आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के एवज में आपसे राशि की माँग करता है तो उन्हें कोई भी राशि नहीं दें तथा ऐसे व्यक्ति के सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

ह0/–
उप सचिव।